यूटीयू व आईआईटी रुड़की के बीच एमओयू साइन

एमओयू साइन करते संस्थान के अधिकारी।

देहरादून (एसएनबी)। वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) ने टैक्नोलॉजी इनक्यूबेशन एण्ड एंटरप्रेन्योरशिप डेवलमेंट सोसाइटी आईआईटी रुड़की के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। एमओयू का उद्देश्य स्टार्टअप और इनक्यूबेशन के क्षेत्र में छात्रों में नवाचार व उद्यमिता में सहयोग करना है।

बृहस्पतिवार को कुलपति प्रो.ओंकार सिंह व आईआईटी रूड़की के निदेशक डा.केके पन्त की मौजूदगी में यूटीयू के कुलसचिव डा.सत्येन्द्र सिंह एवं सोसाइटी के सीईओ आजम अली खान ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। एमओयू के तहत टीआईईडीएस व यूटीयू संयुक्त रूप से

एमओयू का उद्देश्य स्टार्टअप और इनक्यूबेशन के क्षेत्र में छात्रों में नवाचार व उद्यमिता में सहयोग करना

प्रौद्योगिकी उद्यमिता के क्षेत्र मिलकर कार्य करेंगे। इसके साथ ही टीआईईडीएस समय-समय पर यूटीयू और इसके संस्थानों को स्टार्टअप, उद्यमिता, व उद्यमिता प्रयोगशाला स्थापित करने में मदद करेगा। इसके अलावा यूटीयू में नामांकित छात्र ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप भी कर सकते हैं।

इस मौके पर परीक्षा नियंत्रक डा.वीके पटेल, संस्थापक कुलपति डा.वीके तिवारी आदि मौजूद थे।